**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3669**
**मंगलवार, 17 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**एनआईसीडीपी के अंतर्गत शहर**

**3669. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधिः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के लिए चयनित शहरों का ब्यौरा क्या है;

(ख) एनआईसीडीपी के अंतर्गत औद्योगिक स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किए जाने वाले शहरों का चयन करने के लिए अपनाए गए मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने एनआईसीडीपी के तहत थूथुकुडी को एक औद्योगिक स्मार्ट शहर के रूप में शामिल करने पर विचार किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) :** भारत सरकार ने राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के अंतर्गत अब तक 20 परियोजनाओं के विकास को अनुमोदित किया है। इन 20 परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ख) :** औद्योगिक स्मार्ट सिटीज की स्थापना के लिए सबसे उपयुक्त स्थान की पहचान के लिए उठाए गए प्रमुख कदम निम्नलिखित हैं:

- प्रत्येक औद्योगिक कॉरिडोर के लिए, कॉरिडोर के प्रभाव क्षेत्र की मौजूदा आर्थिक, सामाजिक, जनसांख्यिकीय, औद्योगिक और अवसंरचना से संबंधित विशेषताओं और लक्षणों की मैपिंग करने के लिए एक भावी योजना तैयार की गई है।
- औद्योगिक कॉरिडोर के प्रभाव क्षेत्र (कॉरिडोर के मुख्य क्षेत्र से 150 किलोमीटर के दायरे में) के भीतर वैकल्पिक भूमि पार्सल चिह्नित किए गए हैं।
- इन वैकल्पिक भूमि पार्सलों की, मौजूदा औद्योगिक ईकोसिस्टम के आकलन; शहरी केंद्रों से निकटता; सामाजिक अवसंरचना की उपलब्धता; भूमि अधिग्रहण में आसानी; मल्टीमॉडल अवसंरचना जैसे जल, बिजली, दूरसंचार और अंतिम छोर तक परिवहन कनेक्टिविटी; अन्य मौजूदा/ प्रस्तावित अवसंरचना के साथ समन्वय; मंजूरियों की संख्या को न्यूनतम करना और पारिस्थितिकी प्रभाव को कम करना आदि मानदंडों के आधार पर उनकी अधिकतम उपयुक्तता के अनुसार रैंकिंग की गई है। इन मानदंडों का पीएम–

गतिशक्ति के सिद्धांतों के साथ भी समन्वय किया गया है।

- आगे के परियोजना विकास कार्यकलापों को पूरा करने के लिए सर्वोच्च रैंकिंग वाले और सबसे उपयुक्त स्थान का चयन किया गया है।

**(ग) और (घ) :** एनआईसीडीपी के तहत थूथुकुडी नोड को शामिल करने के लिए राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 17.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3669 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर कार्यक्रम के भाग के रूप में औद्योगिक कॉरिडोर परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्रम सं. | कॉरिडोर | नाम |
|---|---|---|
| 1 | डीएमआईसी: दिल्ली मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर | 1. धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर), 22.5 वर्ग किमी., गुजरात |
| | | 2. शेन्द्रा बिदकिन औद्योगिक क्षेत्र (एसबीआईए), 18.55 वर्ग किमी., महाराष्ट्र |
| | | 3. एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप - ग्रेटर नोएडा (आईआईटी-जीएन), 747.5 एकड़, उत्तर प्रदेश |
| | | 4. एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप - विक्रम उद्योगपुरी (आईआईटी-वीयूएल), 1100 एकड़, मध्य प्रदेश |
| | | 5. एकीकृत मल्टी मॉडल लॉ जिस्टिक्स हब - नांगल चौधरी, 886 एकड़, हरियाणा |
| | | 6. मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब और मल्टी मॉडल ट्रांस्पोर्ट हब (एमएमएलएच और एमएमटीएच), 479 एकड़, उत्तर प्रदेश |
| | | 7. दिघी पत्तन औद्योगिक क्षेत्र, 6056 एकड़, महाराष्ट्र |
| | | 8. जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र, 1578 एकड़, राजस्थान |
| 2 | सीबीआईसी: चेन्नई बैंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर | 9. कृष्णपटनम औद्योगिक क्षेत्र, 2500 एकड़, आंध्र प्रदेश |
| | | 10. तुमकुरु औद्योगिक क्षेत्र, 1736 एकड़, कर्नाटक |
| 3 | कोयंबटूर के रास्ते सीबीआईसी का कोच्चि तक विस्तार | 11. पलक्कड़ औद्योगिक क्षेत्र, 1710 एकड़, केरल |
| 4 | एकेआईसी: अमृतसर कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर | 12. खुरपिया फार्म एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर, 1002 एकड़, उत्तराखंड |
| | | 13. राजपुरा पटियाला आईएमसी, 1100 एकड़, पंजाब |
| | | 14. हिसार एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर, 2988 एकड़, हरियाणा |
| | | 15. आगरा, 1058 एकड़, उत्तर प्रदेश |
| | | 16. प्रयागराज, 352 एकड़, उत्तर प्रदेश |
| | | 17. आईएमसी, गया, 1670 एकड़, बिहार |
| 5 | एचएनआईसी: हैदराबाद | 18. जहीराबाद चरण-1, 3245 एकड़, तेलंगाना |

| | | |
|---|---|---|
| | नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर | |
| 6 | एचबीआईसी: हैदराबाद बैंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर | 19. ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र, 2621 एकड़, आंध्र प्रदेश |
| 7 | वीसीआईसी: विजाग चेन्नई औद्योगिक कॉरिडोर | 20. कोपार्थी औद्योगिक क्षेत्र, 2596 एकड़, आंध्र प्रदेश |

*****